Sr. No.	Name and Address of the Principal office in India
(17)	The Manager, Bank of Credit and Commerce International (Overseas) Ltd., Maker Chamber III, Nariman Point, Bombay-400 021.
(18)	The Manager, Bank of Nova Scotia, Mittal Tower, B Wing, Nariman Point, Bombay-400 021.
(19)	The General Manager, Societe Generale, Maker Chambers IV., Bajaj Marg, Nariman Point, Bombay-400 021.
(20)	The Chief Executive (India) Oman International Bank, S.A.O., 1A, Mittal Court, Nariman Point, Bombay-400 021.
(21)	The Manager, Bank of Bahrain and Kuwait B.S.C., Jolly Maker Chambers II, 225, Nariman Point, Bombay-400 021.
(22)	The General Manager, Credit Lyonnais, Scindia House, Narottam Morarjee Marg, Ballard Pier, Bombay-400 038.
(23)	The Barclays Bank PLC., 21/23, Maker Chambers, VI Nariman Point, Bombay-400 021.
(24)	The Sanwa Bank Ltd., Mercantile House, Upper Ground Floor, 15, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110 001.

Setting Up of Currency Printing Press in Orissa

1911. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether a proposal to set up a currency printing press in Orissa has been pending with the Central Government since long;

(b) whether the proposal is proposed to be implemented during the financial year 1992-93; and

(c) if so, what place has been identified for the location of that unit?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI DALBIR SINGH): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

केरवा बांध, भोपाल के निकट निर्माण कार्य की लागत तथा उसमें निवेशित राशि का स्रोत

1912. **श्री राघवजी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल में केरवा बांध के निकट मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा निर्मित भवन की लागत के संबंध में कुछ टिप्पणियां की हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या आयकर विभाग ने उस पर कोई कार्यवाही की है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" में है तो क्या श्री अर्जुन सिंह द्वारा निर्मित उक्त विवादास्पद भवन की लागत का इस विभाग द्वारा कोई पुनर्मूल्यांकन किया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर): (क) से (ङ) मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा केरवा बांध, भोपाल के निकट बनाए गए भवन के संबंध में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने कैलाश जोशी बनाम मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य के मामले में दिनांक 20 जनवरी, 1989 के अपने निर्णय में कतिपय अभिमत व्यक्त किए थे।

आयकर विभाग द्वारा उक्त भवन के निर्माण की लागत तथा निवेश के स्रोतों की जांच-पड़ताल संगत कर-निर्धारण विषयक कार्यवाहियों के दौरान की गई थी तथा यह पाया गया था कि निवेश के स्रोतों का स्पष्टीकरण संतोषजनक ढंग से किया गया है तथा विवरणी में निर्माण के बारे में घोषित की गई लागत भी उचित है।